# शिक्षक के अटैचमेंट को लेकर डीईओ को निर्देश

## कलेक्टर ने किया पीएमश्री विद्यालय सीहोरा का औचक निरीक्षण, बच्चों को दिया सफलता का मंत्र



**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 जून. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने राहतगढ़ क्षेत्र के पीएम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सीहोरा का औचक निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान स्कूल की व्यवस्थाओं और शिक्षकों के अटैचमेंट को लेकर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त की और जिला शिक्षा अधिकारी को सख्त लहजे में निर्देश दिए कि वे व्यवस्थाओं में सुधार करें.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने विद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षकों से चर्चा की और उनके अध्यापन विषयों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली. उन्होंने कड़े और सख्त निर्देश देते हुए कहा कि विद्यालय में समस्त शैक्षणिक एवं कार्यालयीन स्टाफ स्कूल खुलने के निर्धारित समय से अनिवार्य रूप से पहले पहुंचे और स्कूल बंद होने के समय तक रुककर पूरी निष्ठा से कार्य करें. समय-पालन में किसी भी प्रकार की ढील या लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय में कुल पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या, प्रतिदिन की स्टाफ और छात्र उपस्थिति पंजी, स्कूल के विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों व रिकॉर्ड्स का बारीकी से अवलोकन किया. इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय के विगत वर्षों के परीक्षा परिणामों की भी गहन समीक्षा की.

उन्होंने संस्था प्रमुख और शिक्षकों को निर्देशित किया कि कमजोर छात्र-छात्राओं पर विशेष ध्यान दिया जाए.

पीएम श्री एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोरा के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने विद्यालय के बच्चों से सीधा संवाद किया. जब बच्चों से जिज्ञासावश पूछा कि कलेक्टर कैसे बनते हैं तो उन्होंने बच्चों को अच्छे से पढ़ने और नियमित रूप से विद्यालय आने की समझाइश दी. उन्होंने कहा कि जो हम स्कूल में पढ़ते हैं, वही कलेक्टर बनने की परीक्षा में भी पूछा जाता है. कक्षा 6वीं से 12वीं की पुस्तकें ही प्रत्येक प्रतियोगी परीक्षा की नींव हैं, इसलिए कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी अपने-अपने विषयों को अच्छे से पढ़ें. उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम को बार-बार पढ़ने से उसे याद रखने और समय पर वापस याद आने में मदद मिलती है, इसलिए हमें प्रत्येक विषय को दो-तीन बार पढ़ना चाहिए. इससे हमारी विषय को पकड़ मजबूत और गहरी होती है. कलेक्टर ने बच्चों से कहा कि लगातार अभ्यास ही सफलता की कुंजी है. इसके लिए हमें टाइम टेबल बनाकर पढ़ना चाहिए. उन्होंने बच्चों से भविष्य में क्या बनना है, इसके लिए अभी से सोचने और अमल करने के लिए कहा. वर्तमान युग को तकनीकी का युग बताते हुए उन्होंने कहा कि हमें तकनीक का उपयोग अपनी पढ़ाई में और विषयों को आसानी से समझने में करना चाहिए. उन्होंने बच्चों को इंटरनेट और मोबाइल का सदुपयोग करने एवं सावधानी से उपयोग करने की हिदायत दी. संवाद के दौरान कलेक्टर ने स्वयं कक्षा में पहुंचकर बच्चों से गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषयों से संबंधित सवाल भी पूछे. कलेक्टर ने प्रिंसिपल कक्ष में पहुंचकर विद्यालय में उपस्थित एवं अनुपस्थिति स्टाफ की जानकारी ली. मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता की जांच की एवं निर्देश दिए कि विद्यालय में प्रत्येक दिन सूची के अनुसार मध्याह्न भोजन बच्चों को दिया जाए एवं भोजन की गुणवत्ता में सुधार किया जाए.

# किसान की मौत, शव एक किमी दूर कुएं में मिला

## परिजनों ने पड़ोसियों पर लगाया हत्या का आरोप,शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 जून. महाराजपुर थाना क्षेत्र में एक किसान का शव कुएं से बरामद होने के बाद इलाके में सनसनी फैल गई. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि किसान के शव को घटनास्थल से एक किमी तक घसीटकर कुएं में फेंका गया था. घसीटने के निशान भी पाए गए हैं. मृतक की पहचान सरवई गांव निवासी 40 वर्षीय कुंजन यादव के रूप में हुई है.**

किसान का शव एक कुएं में मिलने की सूचना पर पुलिस और एफएसएल की टीम पहुंची. शव को कुएं से बाहर निकलवाकर जांच शुरू की. पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मृतक के बेटे मयंक यादव ने आरोप लगाया है कि उसके पिता की हत्या पड़ोसी खेत मालिक मदन ठाकुर और उसके दामाद ने की है. मयंक के अनुसार, सोमवार रात खेत में बखरनी का काम चल रहा था. उसके पिता कुंजन यादव ट्रैक्टर चालक कमलेश के लिए खाना लेकर बाइक से खेत गए थे. आरोप है कि रआरोपियों ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उनकी मौत हो गई. इसके बाद शव को खेत से घसीटते हुए प्रहलाद सिंह राजपूत के खेत में स्थित कुएं में डाल दिया गया.

मयंक ने बताया कि जब देर रात तक उसके पिता ट्रैक्टर चालक के पास खाना लेकर नहीं पहुंचे तो चालक कमलेश घर आया और परिवार को इसकी जानकारी दी. परिवार के सदस्य, कमलेश और गांव के हाकम सिंह ने मिलकर रात में ही कई जगह तलाश की, लेकिन कुंजन यादव का कोई पता नहीं चल सका. परिवार को कुंजन यादव की मोटरसाइकिल गांव में देदीजी के चबूतरे के पास खड़ी मिली. इसके बाद सुबह दोबारा खोजबीन शुरू की गई. करीब 8 बजे प्रहलाद राजपूत के लगभग 20 फीट गहरे कुएं में कुंजन यादव का शव दिखाई दिया. मृतक के बेटे ने बताया कि उनके खेत के पास स्थित मदन गौड़ के खेत से रास्ता निकलने को लेकर करीब आठ दिन पहले विवाद हुआ था. उस दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी और खेत में पत्थर भी फेंके गए थे.

# कार की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**नवभारत न्यूज**

**गढ़ाकोटा 23 जून. सागर-गढ़ाकोटा मार्ग पर तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत में 60 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौत हो गई.**

हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायल को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान गढ़ाकोटा के आजाद वार्ड निवासी केशव भौरहरि के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि केशव भौरहरि देर रात अपनी मोटरसाइकिल से सागर रोड होते हुए अपने घर लौट रहे थे. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार काफी तेज रफ्तार में थी. वाहन की गति अधिक होने के कारण चालक संतुलन नहीं बना पाया और सीधी बाइक से टकरा गया. हादसा इतना भीषण था कि टक्कर लगते ही बाइक कई फीट दूर जाकर सड़क पर गिर गई. वहीं बाइक चला रहे केशव भौरहरि गंभीर रूप से घायल हो गए. हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई थी.आसपास मौजूद लोगों ने मानवता का परिचय दिया.

## ब्रांड एम्बेसडर बने अभि



**सागर.** मध्य प्रदेश टेनिस क्रिकेट लीग में खिलाड़ी अभि सागर को उनके लगातार शानदार प्रदर्शन और क्रिकेट के प्रति समर्पण के चलते सागर जोन का ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है. अभि ने एमपीटीसीएल के सीजन-2 में बेहतरीन खेल से ध्यान आकर्षित किया था. उन्होंने बल्लेबाज़ी और गेंदबाजी दोनों में शानदार प्रदर्शन करते हुए मैदान पर अपना दबदबा बनाया. उनके इसी ऑलराउंड प्रदर्शन को देखते हुए एमपीटीसीएल लीग कमेटी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है.

# वीर अभिमन्यु अखाड़े के प्रथम तल निर्माण की मांग



**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 जून. अंबेडकर वार्ड स्थित वीर अभिमन्यु अखाड़े के पहलवानों एवं क्षेत्रवासियों ने विधायक शैलेंद्र जैन के निवास पर पहुंचकर अखाड़े के प्रथम तल निर्माण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा.**

ज्ञापन में बताया गया कि अखाड़ा युवाओं एवं पहलवानों के लिए नियमित व्यायाम, कुश्ती प्रशिक्षण और शारीरिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र है, क्षेत्रवासियों ने मांग करते हुए कहा कि वर्तमान में उपलब्ध स्थान सीमित होने के कारण खिलाड़ियों और स्थानीय नागरिकों को विभिन्न गतिविधियों के संचालन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. यदि अखाड़े के प्रथम तल का निर्माण हो जाता है तो वहां व्यायाम एवं खेल गतिविधियों के साथ सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा सकेगा. विधायक श्री जैन ने आश्वासन दिया कि मांग का अखाड़े के विकास और सुविधाओं के विस्तार के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे. इस अवसर पर अजितपाल जाट, मनीष जाट, कार्तिक जाट, जसवंत जाट, चक्रेश जाट मौजूद थे.

# मांगों के समाधान का आश्वासन



**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 जून. नगर निगम कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों एवं पूर्व में हुए समझौतों के क्रियान्वयन की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच निगम प्रशासन एवं कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच चर्चा हुई.**

निगमायुक्त राजकुमार खत्री ने कर्मचारी प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कर्मचारियों की सभी जायज मांगों के निराकरण के लिए 8 जुलाई तक कार्रवाई पूर्ण कराने का आश्वासन दिया. इस संबंध में नगर निगम सभाकक्ष में कर्मचारी संगठनों एवं कर्मचारियों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई.

# सागर में हुआ शोरूम का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 जून. दरवाज़ों और खिड़कियों के लिए भारत के नंबर 1 ब्रांड फेनेस्टा शोरूम शुभारंभ हुआ.**

जय पूजा एंटरप्राइजेज द्वारा संचालित यह शोरूम मकरोनिया चौराहा में स्थित है, जो उभरते रिहायशी एवं कमर्शियल मार्केट्स में फेनेस्ट्रेशन समाधानों को उपभोक्ताओं के करीब लाने की फेनेस्टा की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाता है. शोरूम उपभोक्ताओं को फेनेस्टा के व्यापक प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करेगा.

बिजनेस हेड साकेत जैन ने कहा तेजी से हो रहे शहरी विकास, इन्फ्रास्ट्रक्चर में बढ़ते निवेश तथा प्रीमियम बिल्डिंग समाधानों की बढ़ती मांग के चलते मध्य प्रदेश फेनेस्टा के लिए महत्वपूर्ण मार्केट है. जय पूजा एंटरप्राइज़ेज़ के साथ साझेदारी में सागर में हमारे पहले शोरूम का लॉन्च, उच्च क्षमता वाले क्षेत्रीय बाजारों में उपभोक्ताओं के लिए हमारे आधुनिक फेनेस्ट्रेशन प्रोडक्ट्स को और अधिक सुलभ बनाने के प्रयासों को दर्शाता है. यह शोरूम उपभोक्ताओं को फेनेस्टा की व्यापक प्रोडक्ट रेंज का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा, देश भर में 400 से अधिक डीलरों के बढ़ते नेटवर्क तथा नेपाल, भूटान, मालदीव्स, श्रीलंका, घाना और केन्या जैसे देशों में फोकस जारी रखे हुए है.



## डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित

**नवभारत न्यूज 23 जून**

**सागर.** प्रखर राष्ट्रवादी, पथ-प्रदर्शक, जनसंघ के संस्थापक एवं माँ भारती की एकता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान देशभक्त डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने सागर कार्यालय में समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया.

# सीवरेज निर्माण में उदासीनता, जताई नाराजगी

**नवभारत न्यूज**

**खुरई 23 जून. वर्षा ऋतु के आगमन पर नगर के समस्त नागरिकों को सुरक्षित तरीके से रहने के लिए नगरपालिका बेहतर उपाय बता रही है.**

सुरक्षित आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद खुरई के सीएमओ राजेश मेहतेले ने विकास एवं स्वच्छता कार्यों की निगरानी पहले भी दुरूस्त थी और अब भी रहेगी. चल रहे सीवरेज निर्माण कार्यों, सड़क रेस्टोरेशन, गड्ढों की मरम्मत तथा जल निकासी व्यवस्था की लगातार नजर रखी जा रही है. स्थल पर पहुंचते हुए सहायक यंत्री अविनाश रावत ने विस्तृत निरीक्षण किया. जांच पड़ताल पर पाया कि एजेंसी एवं अधिकारी समय अवधि में कार्य नहीं कर पा रहे हैं ,इस विषय पर फटकार लगाते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए.

सहायक यंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में सीवरेज लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है, वहां बिना विलंब के गुणवत्तापूर्ण रेस्टोरेशन कराया जाए. सभी मार्गों, गलियों एवं सड़कों को पूरी तरह मोटरेबल बनाया जाए तथा खुदाई के कारण बने गड्ढों को निर्धारित मानकों के अनुरूप भरकर आवागमन सुचारू किया जाए. उन्होंने चेतावनी दी कि बारिश के दौरान नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी. निरीक्षण के दौरान नगर के जलभराव संभावित क्षेत्रों, प्रमुख नालों एवं नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था का भी बारीकी से जायजा लिया गया. सहायक यंत्री ने स्वच्छता अमले को निर्देशित किया कि वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व सभी नालों एवं नालियों की सफाई पूरी कर ली जाए ताकि जल निकासी बाधित न हो, जलभराव जैसी स्थिति उत्पन्न न होने पाए.

# बिना वर्क ऑर्डर निर्माण शुरू होने का लगाया आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 जून. डॉ. हरिसिंह गौर वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र की बाउंड्रीवाल और सड़क निर्माण कार्य को लेकर वार्ड पार्षद शिवशंकर यादव ने आरोप लगाया है कि निर्माण एजेंसी मारुतिनंदन कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा नगर निगम से वर्क ऑर्डर प्राप्त किए बिना ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है. उन्होंने पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है.**

पार्षद श्री यादव ने बताया कि वार्ड में पार्षद निधि से लगभग 15 लाख रुपये की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र की बाउंड्रीवाल और सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था, जिसका ठेका मारुतिनंदन कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया था. आरोप है कि कार्य स्वीकृत होने के कई माह बाद भी कंपनी ने निगम से विधिवत वर्क ऑर्डर नहीं लिया, इसके बावजूद निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया. निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं. पार्षद का कहना है कि बाउंड्रीवाल के पिलरों के लिए खोदे गए गड्ढों की गहराई निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं है. आरोप है कि जहां तकनीकी मानकों के अनुसार लगभग पांच फीट गहराई तक खुदाई होनी चाहिए, वहां करीब दो फीट गहरे गड्ढों पर ही निर्माण की तैयारी की जा रही है. इससे निर्माण की मजबूती सुरक्षा प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है.

## स्वर्ण-रजत पदक जीता



**ललितपुर.** बजाज एनर्जी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमित मित्तल की पुत्री एवं लोटस वैली इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा की छात्रा खुशी मित्तल ने नई दिल्ली में आयोजित एशियन योगा टीम चैंपियनशिप में प्रदर्शन कर नोएडा, बजाज एनर्जी और देश का नाम रोशन किया है. एशियन सिख गेम्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में खुशी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर प्रतियोगिता के सर्वोच्च सम्मान चैंपियन ऑफ द चैंपियंस खिताब पर कब्जा जमाया. खुशी ने आर्टिस्टिक सोलो एवं आर्टिस्टिक पेयर वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए, जबकि पारंपरिक आसन प्रतियोगिता में रजत पदक जीता है.

# फरार बदमाश को पकड़ने ठेला लेकर पहुंची पुलिस

## अनोखी रणनीति से दबोचा गया आरोपी, गुंडा फाइल खोलने और जिला बदर की तैयारी



**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 जून. गोपालगंज थाना क्षेत्र के शनीचरी इलाके में पुलिस ने फरार चल रहे एक बदमाश को पकड़ने के लिए अनोखी रणनीति अपनाई. लूट, मारपीट, कटरबाजी और अड़ीबाजी जैसे गंभीर मामलों में वांछित आरोपी अंकित बेन उर्फ मगरा को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीम हाथ ठेला लेकर उसके घर पहुंची.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अंकित उर्फ मगरा लंबे समय से फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए स्वयं को घायल बताकर पुलिस कार्रवाई से बचने का प्रयास कर रहा था. जब पुलिस को उसकी इस चाल की जानकारी मिली तो उसे पकड़ने के लिए रणनीति बनाई गई. गोपालगंज थाना पुलिस हाथ ठेला लेकर आरोपी के घर पहुंची. पुलिस की योजना थी कि यदि आरोपी स्वयं को चलने-फिरने में असमर्थ बताएगा तो उसे ठेले पर बैठाकर थाने ले जाया जाएगा. हालांकि पुलिस को देखते ही आरोपी ने बीमारी और चोट का बहाना बनाना शुरू कर दिया, लेकिन पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. गोपालगंज थाना प्रभारी घनश्याम शर्मा ने बताया कि भास्कर श्रीवास्तव नामक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी.

थाना प्रभारी श्री शर्मा ने बताया कि भास्कर श्रीवास्तव पुराने प्राइवेट बस स्टैंड के पास ऑटो चला रहा था. इसी दौरान अंकित उर्फ मगरा वहां पहुंचा और क्षेत्र में ऑटो चलाने के एवज में उससे 300 रुपये की मांग की. ऑटो चालक ने पैसे देने से इनकार किया तो आरोपी ने गाली-गलौज की और कटर से हमला कर मारपीट की थी. फरारी के दौरान आरोपी का कहीं और विवाद हो गया था, जिसमें उसे चोटें आई थीं. इसके बाद वह अलग-अलग स्थानों पर नाम बदलकर इलाज कराता रहा, ताकि पुलिस उसकी पहचान न कर सके. पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अंकित उर्फ मगरा के खिलाफ गोपालगंज थाने में चार आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. वर्तमान मामला उसका पांचवां अपराध है. उसके विरुद्ध मारपीट, अड़ीबाजी, धमकी और अन्य आपराधिक गतिविधियों से जुड़े प्रकरण दर्ज हैं. थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए उसके खिलाफ गुंडा फाइल तैयार की जा रही है, साथ ही जिला बदर की कार्रवाई भी प्रस्तावित की जाएगी.

# कोर्ट स्टे के बाद भी निर्माण



**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 जून.अपर तहसीलदार सागर वृत्त नरयावली न्यायालय द्वारा ग्राम भापेल में जियो पेट्रोल पंप के अवैध निर्माण पर लगाए गए स्थगन आदेश की धज्जियां उड़ाने का मामला सामने आया है.**

कोर्ट के कड़े आदेश के बावजूद मौके पर निर्माण कार्य जारी रखने की खबर है, जिस पर पीड़ित पक्ष ने आपत्ति जताते हुए मोतीनगर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है. ग्राम भापेल (पटवारी हल्का नंबर 19 स्थित भूमि खसरा नंबर 956 (रकबा 1.1300 हे0), जो कि कृष्णाबाई पति स्व. गोकलसींग व अन्य के नाम पर दर्ज है, के करीबन 1000 वर्गफुट के अंशभाग पर अनावेदक संदीप गोस्वामी द्वारा अवैध रूप से जियो पेट्रोल पंप का निर्माण कार्य कराया जा रहा था. इस पर आवेदक कृष्णाबाई और विश्वनाथ सिंह ठाकुर ने न्यायालय की शरण ली थी. न्यायालय ने आवेदकों के पक्ष में स्थगन आदेश जारी किया था. कोर्ट ने निर्देश दिए थे कि विवादित भूमि पर चल रहे निर्माण कार्य आगामी आदेश तक रोका जाए. आदेश प्रति मोतीनगर थाना प्रभारी को भी भेजी गई थी.

# बलिदान दिवस पर व्याख्यानमाला का आयोजन



**नवभारत न्यूज**

**बंडा 23 जून. भाजपा नगर मंडल द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर विधायक कार्यालय में व्याख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

इस अवसर पर विधायक वीरेन्द्र सिंह लम्बरदार ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया, वे एक महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक और दूरदर्शी नेता थे, जिनके विचार आज भी देशवासियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं.नगर मंडल अध्यक्ष रुपेश रोशन खरे ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक गौरव के सशक्त प्रहरी थे. कार्यक्रम में मंडल प्रभारी शैलेंद्र सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश जैन, बरा मंडल अध्यक्ष नीतेश जैन ने भी विचार व्यक्त किए. इस अवसर पर राजेंद्र तिवारी महेन्द्र सिंह, मंगल सिंह दादा, बाबू सिंह मुड़िया, पार्षद राजेश जैन महावीर, पीडी राठौर, ऋषभ जैन, पन्ना ठाकुर, संतोष यादव, शरद श्रीवास्तव, देव पटैल, कृष्णा झागरी, सनत जैन, प्रशांत भोजक, केसरी सिंह, रफीक सिद्दीकी, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, नरेन्द्र सिंह, आशीष यादव मौजूद थे.

# काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 23 जून. तुलसी साहित्य अकादमी के तत्वावधान में विगत दिवस वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर वरिष्ठ साहित्यकार राम नामदेव काका ललितपुरी के निवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश कुमार झा ने की. दीप प्रज्ज्वलन खेमचंद वर्मा, विभा ताम्रकार, गणेश रामबाबू एवं रामस्वरूप अनुरागी ने संयुक्त रूप से किया। इसके पश्चात कवयित्री विभ. ताम्रकार ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भक्ति एवं साहित्य की गरिमा से ओतप्रोत कर दिया. कवि डा.खेमचंद वर्मा ने कहा बलिदानों की धरती जिसको हम भारत कहते हैं. डा.रमाकांत युग ने अमर शहीदों और राष्ट्रभक्ति पर आधारित कविता सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया. गणेश रामबाबू ने अपनी काव्य प्रस्तुति से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया. विभा ताम्रकार ने कहा झांसी में जन्मी, झांसी में ब्याही, गंगा की लहरों को बेतवा में बहाई. चंद शास्त्री ने कहा कि स्वतंत्रता के महासमर में उन्होंने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए. बृजेश श्रीवास्तव ने भी काव्य पाठ किया.

# स्मार्ट और संवेदनशील पुलिसिंग का दिया मंत्र




**नवभारत न्यूज**

**सागर 23 जून. पुलिस प्रशिक्षण शाला में जवाहरलाल नेहरू पुलिस अकादमी एवं पीटीएस के तत्वावधान में नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र 2026-27 का शुभारंभ किया गया.**

कार्यक्रम में पीटीएस के 16वें नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र तथा जेएनपीए में आयोजित होने वाले प्रथम महिला नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ हुआ. मुख्य अतिथि आईजी मिथिलेश शुक्ला रहे. इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक शशीन्द्र चौहान, एसपी अनुराग सुजानिया तथा सामाजिक वानिकी वृत्त वनमंडलाधिकारी गौरव जैन उपस्थित रहे. पुलिस अधीक्षक पीटीएस सागर प्रतिमा पटेल ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए प्रशिक्षण गतिविधियों और संस्थान की उपलब्धियों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि पीटीएस में अब तक 15 नवआरक्षक बुनियादी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जा चुके हैं. इस वर्ष पीटीएस सागर में 494 तथा जेएनपीए में 285 महिला नवआरक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे. कुल 779 प्रशिक्षुओं को नौ माह की अवधि में आधुनिक, व्यावहारिक एवं अनुशासित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा.